नामांक Roll No.

No. of Questions — 26

No. of Printed Pages — 3

S—98–1—Soc. Sc. I (D & D)

माध्यमिक (मूक बधिर) परीक्षा, 2010

सामाजिक विज्ञान — प्रथम पत्र

(SOCIAL SCIENCE — First Paper)

समय : $4\frac{1}{4}$ घण्टे

पूर्णांक : 40

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।
4. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंक वाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।
5. प्रश्न क्रमांक **2** से **10** तक अति लघूत्तरात्मक हैं ।
6. प्रश्न क्रमांक 1 के चार भाग (i, ii, iii तथा iv) हैं । प्रत्येक भाग के चार विकल्प **अ, ब, स** और **द** हैं । सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :

प्रश्न क्रमांक	सही उत्तर का क्रमाक्षर
1. (i)	
1. (ii)	
1. (iii)	
1. (iv)	

1. (i) वित्त विधेयक पर राज्य सभा को विलम्ब की शक्ति प्राप्त है

   (अ) एक वर्ष तक (ब) एक माह तक

   (स) दो माह तक (द) 14 दिन तक । 1

   (ii) राजस्थान उच्च न्यायालय स्थित है

   (अ) जोधपुर में (ब) अजमेर में

   (स) जयपुर में (द) उदयपुर में । 1

   (iii) प्रशासन के रूप में विकास अधिकारी का पद होता है

   (अ) ग्राम पंचायत में (ब) पंचायत समिति में

   (स) जिला परिषद् में (द) नगर निगम में । 1

   (iv) भूमि के अन्दर भूकम्प के उद्गम स्थल को कहते हैं

   (अ) अधिकेन्द्र (ब) मूल केन्द्र

   (स) भूकम्प संवेदी क्षेत्र (द) भूकम्प क्षेत्र । 1

2. दो मानवकृत आपदाओं के नाम लिखिए । 1

3. लोकसभा एवं राज्यसभा के कार्यकाल में अन्तर बताइए । 1

4. राजस्थान में विधानसभा के सदस्यों की संख्या लिखिए । 1

5. नगर निगम के अध्यक्ष को क्या कहा जाता है ? 1

6. राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा में कितने सदस्य मनोनीत किए जाते हैं ? 1

7. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की सेवानिवृत्ति आयु लिखिए । 1

8. संसद का विधायी कार्य स्पष्ट कीजिए । 1

9. भू-स्खलन किसे कहते हैं ? 1

10. संकट एवं आपदा में अन्तर लिखिए । 1

11. लोकसभा सदस्य के लिए आवश्यक योग्यताएँ लिखिए । $1\frac{1}{2}$

12. उच्चतम न्यायालय किस प्रकार संविधान की रक्षा करता है ? $1\frac{1}{2}$

13. राजस्थान में लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण की योजना कब एवं कहाँ लागू की गई ? इस योजना का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया ? $3 \times \frac{1}{2} = 1\frac{1}{2}$

14. पंचायत समिति के प्राथमिक शिक्षा सम्बन्धी कार्य लिखिए । $1\frac{1}{2}$

15. भारत में आये किन्हीं **दो** बड़े भूकम्पों का उल्लेख कीजिए । $1\frac{1}{2}$

16. बाढ़ क्या है ? बाढ़ आने के प्रमुख कारण लिखिए । $1\frac{1}{2}$

17. जनहित याचिका किसे कहते हैं ? $1\frac{1}{2}$

18. राजस्थान के मुख्यमंत्री कौन हैं ? मुख्यमंत्री को राज्यपाल एवं मंत्रिपरिषद् के मध्य संपर्क कड़ी क्यों कहा जाता है ? $1\frac{1}{2}$

19. राज्यपाल की न्यायिक शक्तियों का उल्लेख कीजिए । $1\frac{1}{2}$

20. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की योग्यताएँ लिखिए । $1\frac{1}{2}$

21. अपीलीय क्षेत्राधिकार पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । 2

22. नगर निगम में कौन-कौन सी समितियों के गठन का प्रावधान है ? 2

23. संसद के प्रमुख कार्य एवं शक्तियों का उल्लेख कीजिए । 2

24. नगरपालिका के प्रमुख कार्य लिखिए । 2

25. चक्रवात के दुष्प्रभाव बताइए । 2

26. रेल दुर्घटना के कारण एवं निवारक उपाय बताइए । 2